राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा / 2024 / 471 दिनांक: 29.5.24

निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य,
समस्त विभाग एवं संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

महोदय / महोदया,

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक: परीक्षा / 2024 / 2958 दिनांक 30.04.2024 एवं 3333 दिनांक 14.05.2024 के क्रम मे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा मई–2024 तथा B.P.Ed, M.P.Ed., B.Ed.-M.Ed., M.Ed. II-Sem एवं स्नातकोत्तर / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की II/IV/VI/VIII /X (Ord. 199 F-3(j) Grading/Non-Grading Semester Scheme) परीक्षा मई 2024 (समस्त संकाय) जिनकी परीक्षाऐं प्रारम्भ होना शेष है, के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से निम्नानुसार भरवाये जा रहे है, परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी विद्यार्थियों द्वारा संबंधित विभाग / महाविद्यालय में जमा करवायी जानी है:-

दोगुना (Double) परीक्षा शुल्क (परीक्षा शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क) के साथ	30.05.2024 से 03.06.2024

उक्तानुसार परीक्षा आवेदन करने में किसी प्रकार की समस्या हो तो कार्यालय समय में संबंधित परीक्षा अनुभाग में सम्पर्क करें।

स्नातक नियमित विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं मिडटर्म परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक होने पर ही प्राचार्य द्वारा परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय को अग्रेषित किये जावें जिसकी अनुपालना नही होने पर महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही / आर्थिक दंड आरोपित किया जा सकता है तथा स्नातकोत्तर / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों सहित सभी आवश्यक पूर्ति कर (Ord. 199 F-3(j) Grading/Non-Grading Semester Scheme) के तहत 75 प्रतिशत उपस्थिति, सतत् मूल्यांकन (Continuous Assessment) में न्यूनतम अंक अर्जित किया जाना सुनिश्चित करते हुये योग्य छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय पोर्टल पर सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त सभी परीक्षायें शीघ्र ही आयोजित होना प्रस्तावित है एवं विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं से संबंधित सतत् मूल्यांकन अंक समय रहते विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें, **साथ ही विभागाध्यक्ष / प्राचार्य अपने स्तर पर भी विद्यार्थियों को उक्तानुसार सूचित करने का श्रम करें।**

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

नोट:– परीक्षा आवेदन शुल्क जमा कराने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा / 2024 / 472–80 दिनांक: 29.5.24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करे कि परीक्षा–2024 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खाते में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को मुख्य समाचार पत्रों में समाचार के रूप मे प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
4. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करे। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया मे सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करे जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
5. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. निदेशक, छात्र सेवा एवं परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए संबंधित महाविद्यालयों को सूचित करे।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

O/c 29/5/24